रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24022023-243868
CG-DL-E-24022023-243868

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 122] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 23, 2023/फाल्गुन 4, 1944
No. 122] NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 23, 2023/PHALGUNA 4, 1944

## भारतीय उपचर्या परिषद्

## आहरण आदेश

नई दिल्ली, 22 फरवरी, 2023

**फा. सं. 18–18/14709–आईएनसी.—**समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) की धारा 14 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय उपचर्या परिषद् एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश जारी करती है :–

जबकि, **मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कैंपल रोड, पिवदई, इंदौर–562001 (मध्य प्रदेश)** जीएनएम और बी.एससी. (नर्सिंग) पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार तथा मध्य प्रदेश राज्य उपचर्या पंजीकरण परिषद् द्वारा मान्यताप्राप्त है।

वहीं, भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 की धारा 14 के तहत मान्यता वापस लेने के लिए प्रधान सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), मध्य प्रदेश सरकार, कमरा संख्या 241, मंत्रालय (वल्लभ भवन), अरेरा हिल्स, भोपाल–462004, मध्य प्रदेश को संबोधित नोटिस संख्या 18–18/14709–आईएनसी दिनांक 15.06.2022 जारी की गई थी। दिनांक 15.06.2022 को जारी नोटिस की एक प्रति **मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कैंपल रोड, पिवदई, इंदौर–562001 (मध्य प्रदेश)** को भी भेजी गई थी। जारी किए गए नोटिस में राज्य सरकार से नर्सिंग संस्थान की उपयुक्तता के संबंध में परिषद् को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था।

चूंकि, **मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मध्य प्रदेश** के संबंध में परिषद् को राज्य सरकार से कोई सिफारिश प्राप्त नहीं हुई है। और **मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग** संस्थान ने भी नोटिस का कोई जवाब नहीं भेजा है।

जबकि, परिषद् ने मामले पर पूरी तरह से विचार किया है। दिनांक 23.11.2021 की निरीक्षण रिपोर्ट के अवलोकन से पता चलता है कि संस्थान में कई मामलों, विशेष रूप से नैदानिक और शिक्षण सुविधाओं से संबंधित आवश्यकताओं, में कमी पाई गई हैं

अतः, भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 की धारा 14(3)(बी) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परिषद् यह घोषणा करती है कि दिनांक 08.08.2022 से **मदर मेरी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कैंपल रोड, पिवदई, इंदौर–562001**

**(मध्य प्रदेश)** से जीएनएम और बी.एससी. (नर्सिंग) मान्यताप्राप्त योग्यता धारक हर व्यक्ति मध्य प्रदेश राज्य सरकार के आदेशों के अधीन केवल **मध्य प्रदेश राज्य** में पंजीकृत होने का हकदार होगा।

लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) सर्वजीत कौर, सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./648/2022-23]

**INDIAN NURSING COUNCIL**

**WITHDRAWAL ORDER**

New Delhi, the 22nd February, 2023

**F. No. 18-18/14709-INC.—**In exercise of the powers conferred under Section 14 of Indian Nursing Council Act, 1947 (XLVIII of 1947), the Indian Nursing Council hereby issues the following order:—

Whereas **Mother Mary College of Nursing** situated at **Campel Road, Piwdai Indore, Indore – 562001, Madhya Pradesh** is recognized by State Government of Madhya Pradesh and Madhya Pradesh Nurses Registration Council to conduct **GNM and B.Sc(N)** Course.

Whereas, a notice no. 18-18/14709-INC dated 15/06/2022 for withdrawal of Recognition under section 14 of Indian Nursing Council Act, 1947 addressed to Principal Secretary (Health &FW), Government of Madhya Pradesh, Room No. 241, Mantralaya (Vallabh Bhawan) Area Hills, Bhopal – 462004, Madhya Pradesh was issued. Copy of the notice dated 15/06/2022 was also enclosed to **Mother Mary College of Nursing** situated at **Campel Road, Piwdai Indore, Indore – 562001, Madhya Pradesh**. In the notice issued, the State Government was requested to submit their recommendations to the Council as respects Suitability of the nursing institution.

Whereas, the Council has not received any recommendation from the State Government as respects the case of **Mother Mary College of Nursing**, Madhya Pradesh. Even the institution **Mother Mary College of Nursing** has not responded to the notices issued.

Whereas, the Council has considered the matter in its entirety. Perusal of the inspection report dated 23/11/2021 would show that the institution is deficient in many respects especially those relating to deficiencies i.e., clinical and teaching facilities.

Now therefore, the Council exercising powers under section 14(3)(b) of Indian Nursing Council Act, 1947 declares that with effect from 08/09/2022 any person holding a recognized qualification of **GNM and B.Sc(N)** from **Mother Mary College of Nursing** situated at **Road, Piwdai Indore, Indore – 562001, Madhya Pradesh** shall be entitled to be registered only in the State of **Madhya Pradesh** subject to the orders of State government of Madhya Pradesh.

Lt. Col. (Dr.) SARVJEET KAUR, Secy.

[ADVT.-III/4/Exty./648/2022-23]

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. MANOJ KUMAR VERMA